देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 10.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजस्व विभाग के विभागीय कार्यों से संबंधित छह वैब पोर्टल का शुभारंभ किया। अब लोग घर बैठे ही खतौनी सहित अन्य राजस्व सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय के नव–नियुक्त मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने पद की शपथ ली।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को और प्रभावी व जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए।
- उत्तरकाशी जिले की न्याय पंचायत पिपली में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत शिविर लगाया गया।

...........

**राजस्व पोर्टल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में राजस्व विभाग के विभागीय कार्यों से संबंधित छह वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इनमें ई–भूलेख, भू–नक्शा, भूलेख अंश, भू–अनुमति, एग्री लोन और ई–वसूली पोर्टल शामिल हैं। इन वेब पोर्टलों के शुभारंभ से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, जिससे समय की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डिजिटल इंडिया के अंतर्गत राजस्व से जुड़ी नई सेवाओं का ऑनलाइन उपलब्ध होना महत्वपूर्ण कदम है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आएगी और नागरिक, घर बैठे ही खतौनी सहित अन्य राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि भूमि अभिलेखों से संबंधित सेवाओं में विशेष रूप से खतौनी, अब तहसील कार्यालय आने के बजाय घर बैठे मोबाइल या इंटरनेट के माध्यम से सत्यापित प्रति के रूप में, ऑनलाइन भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग और कृषि प्रयोजनों के लिए भूमि उपयोग–भूमि कार्य की अनुमति लेने की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया गया है। साथ ही भूमि मानचित्र को सार्वजनिक डोमेन में निःशुल्क देखने की सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार–सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

**मुख्य न्यायाधीश भापथ**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज लोक भवन में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के नव–नियुक्त मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता को पद की शपथ दिलाई। वे उत्तराखंड उच्च न्यायालय के पन्द्रहवें मुख्य न्यायाधीश बने हैं। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र का स्थान लिया

है, जो शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। न्यायमूर्ति गुप्ता, इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वरिष्ठ न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज टिहारी जिले के राजकीय इंटर कॉलेज छाम, में आयोजित प्रथम खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और यूसीसी के तहत पंजीकरण करवाने वाले लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश की लोक–संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नई टिहरी और उसके आस–पास के क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रही है।

**राशन / जांच**

पिथौरागढ़ जिले की ग्राम पंचायत पाभैं, धारी और डुंगरा में राशन कार्डधारकों को वितरित चावल की खराब गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने पिथौरागढ़ के उप जिलाधिकारी को दो दिन के भीतर विस्तृत जाँच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने–अपने खंड–मंडल में स्थित खाद्यान्न गोदामों और सस्ता गल्ला विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करें और तीन दिन के भीतर विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराएँ। यह कदम सुनिश्चित करेगा कि आने वाले समय में जिले में राशन वितरण की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को भी आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं, ताकि दोषपूर्ण राशन वितरण की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

**108 एम्बुलेंस सेवा**

प्रदेश में 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। इसके लिये आपातकालीन सेवा में नई व आधुनिक एम्बुलेंस को शामिल कर इसके बेड़े में वृद्धि की जायेगी। साथ ही अनुभवी कार्मिकों की और नियुक्ति की जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज देहरादून में विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को और प्रभावी व जवाबदेह बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है, ऐसे में इस सेवा को सुदृढ़ कर आम लोगों के लिये सुलभ बनाना है। डॉ. रावत ने एम्बुलेंस सेवा की नई निविदा को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और उन्हें एम्बुलेंस के बेड़े में आधुनिक उपकरणों से लैस एम्बुलेंस को शामिल करने के निर्देश दिये। मरीजों की परेशानियों को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों से एम्बुलेंस सेवा के कॉल सेंटर में कार्मिकों की और नियुक्ति करने को कहा। उन्होंने 108 आपातकालीन एम्बुलेंस की जवाबदेही तय कर रिस्पॉन्स टाइम कम से

कम करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रत्येक जनपद में तीन–तीन एम्बुलेंस को रिजर्व में रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि बैकअप में रखी एम्बुलेंस आपात स्थिति में काम आ सके।

**जन–जन की सरकार**

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत आज उत्तरकाशी जिले में डुंडा विकासखंड की न्याय पंचायत पिपली में जन सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान 83 शिकायतें दर्ज की गईं। विधायक सुरेश चौहान और जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की उपस्थिति में 63 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान से ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

**महिला स्पोर्ट्स कालेज**

चम्पावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र स्थित छमनिया में करीब 237 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश का पहला महिला स्पोर्ट्स कॉलेज बनाया जा रहा है। आज जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि महिला स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल और अन्य खेल मैदान सहित खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल, स्टाफ क्वार्टर और एडमिन ब्लॉक का निर्माण किया जाना है।